हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 19 जून 2024

06 शासकीय शालाओं में विकासखंड स्तरीय...



08 वाहन की टक्कर से महिला सरपंच और उनकी...





## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान अब 30 तक

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में मुख्यमंत्री के सचिव भरत यादव द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधि में वृद्धि की गई है।अब यह अभियान 30 जून तक क्रियान्वित किया जाएगा। गौरतलब हो कि प्रदेश के सभी जिलों में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु 5 से 15 जून तक जल गंगा संवर्द्धन अभियान के संचालन हेतु पूर्व में निर्देश दिए गए थे।

### जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**विदिशा।** जिला जेल में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया गया।
जेल अधीक्षक पीड़ी श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ अशोक राजपूत द्वारा जिला जेल में बंदियों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। फॉलो अप में चार मरीजों का मूल्यांकन कर उपचार किया गया एवं नए बंदियों की मानसिक स्क्रीनिंग की गई। सात नए मरीजों को उपचार प्रदान किया।

### जनसुनवाई में 109 आवेदन निराकृत हुए



**विदिशा।** मंगलवार को जनसुनवाई में कुल 167 आवेदन आए। कलेक्ट्रेट के भू-तल स्थित सभा कक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने स्वयं आवेदन कर्ता से रूबरू होकर संवाद किया और उनकी समस्याओं से अवगत होकर निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। वहीं अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा, संयुक्त कलेक्टर मोहनी शर्मा डिप्टी कलेक्टर तथा नोडल अधिकारी संतोष बिटौलिया सहित अन्य अधिकारियों ने भी समस्याएं सुनीं। 167 आवेदन में से 109 आवेदनों का निराकरण किया गया।

### सिकल सेल दिवस आज

**विदिशा।** विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को सिकल सेल एनीमिया पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी योगेश तिवारी ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया पर जागरूकता कार्यक्रम श्रीमंत माधवराव सिंधिया, जिला चिकित्सालय के समीप स्थित जनरल नर्सिंग टेनिंग सेन्टर में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डीके शर्मा ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया हेतु जागरूकता प्रयास से आशा व्यापक स्तर पर सिकल सेल जागरूकता पर आधारित उपरोक्त कार्यक्रम में तमाम जानकारियां, बचाव के उपाय, रोग से निदान सहित अन्य बिन्दुओं विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रकाश डाला जाएगा।

### रोली अक्षत लगाकर छात्र-छात्राओं का स्वागत

**विदिशा।** स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत आज विदिशा जिले के बासौदा विकासखंड में भी प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बासौदा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा बासौदा एसडीएम विजय राय ने स्कूली विद्यार्थियों का रोली अक्षत लगाकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराकर उन्हें पुस्तकों का निशुल्क वितरण भी किया तथा विशेष मध्यान भोजन भी कराया गया है। स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत होनहार विद्यार्थियों के द्वारा उपलब्धि अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति दिए।

### प्री-मानसून की पहली झमाझम बारिश से मौसम में आई ठंडक

# सिर्फ 20 मिनट बारिश में सड़कों पर भरा घुटने-घुटने पानी, बिगड़े हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को मानसून की पहली झमाझम बारिश हुई। 20 मिनट हुई मूसलाधार बारिश में शहर की कई सड़कें लबालब हो गईं। निलची बस्तियों में घरों में पानी भर गया। सड़कों पर डेढ़ से दो फीट पानी भर जाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बिजली की गड़गड़ाहट के साथ शाम 5 बजे बारिश शुरू हुई, जो देखते ही देखते मूलसाधार बारिश में तब्दील हो गई। तेज बारिश से मोहन गिरी, बरईपुरा, नीमताल, बक्सरिया, डंडापुरा गल्लामंडी गेट, नदीपुर सहित शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया। ज्यादातर सड़कों में डेढ़ से दो फीट पानी भर गया, जिसके चलते लोगों के घरों और दुकानों में पानी भरा गया। बारिश का पानी गर्ल्स स्कूल में भी भर गया। वहीं शाम चार बजे मुख्य बाजार में की बिजली गुल हो गई। करीब साढ़े तीन घंटे तक बिजली गुल रही और शाम 7.45 बजे बिजली आई। मुख्य बाजार में घंटों तक बिजली गुल होने से बिजली कंपनी के मेंटनेंस की पोल खुल गई। वहीं बारिश में खंभों से चिंगारियां निकल रहीं हैं। बारिश के कारण सब्जी मंडी में एक बिजली के पोल में करंट आने से आए और एक कुत्ता करंट की चपेट में आ गए। बारिश में बिजली के खंभे और बॉक्सों से चिंगारियां निकली रहीं हैं। ऐसे में आम लोगों को भी सावधानी रखने की जरुरत है। क्योंकि हर साल खंभों में करंट आने से हादसे होते हैं। इधर शहर के नाले नालियों की सही तरीके से सफाई न होने के कारण नगर में जलभराव की स्थिति बन रही है। 20 मिनट की बारिश में नगर के बांसकुली इलाके में भी घुटने घुटने तक पानी भर गया। वहीं गर्ल्स स्कूल में सुबह के समय जहां छात्राओं को तिलक लगाकर स्कूल में प्रवेश कराकर प्रवशोत्सव मनाया गया तो वहीं शाम को जब छुट्टी हुई तो छात्राओं की विदाई घुटने घुटने पानी में हुई। यहां पर नगरपालिका ने बीच सड़क से गुजरी नाली को बड़ा करने के लिए इतना ऊंचा कर दिया है कि बारिश का पानी निकल ही नहीं पा रहा है और आसपास के घर और नालियों का पानी सीधे गर्ल्स स्कूल में भर रहा है। ऐसे में बारिश के चार महीने छात्राओं को इसी तरह से जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

**सुबह तिलक लगाकर प्रवेश, शाम को स्कूल से ऐसे हुई छात्राओं की विदाई**



**विदिशा।** गर्ल्स स्कूल में जहां छात्राओं को सुबह तिलक लगाकर प्रवेश कराया गया था वहीं शाम को ऐसी स्थिति हुई।

डंडापुरा



बांसकुली



# मकान का बीस फीट का छज्जा भरभराकर गिरा, युवक घायल

### शेरपुरा में कन्या हासे स्कूल के पीछे की घटना



**विदिशा।** सोमवार रात को अचानक भरभराकर गिर गया मकान का छज्जा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार रात 11 बजे शहर के शेरपुरा इलाके में कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के पीछे बने एक घर का छज्जा गिरने से एक युवक दबकर घायल हो गया।

छज्जा गिरने के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तत्काल छज्जे के नीचे दबे युवक को बाहर निकाला और पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शेरपुरा निवासी आरआर पटेल का लगभग 35 साल पुराना मकान है। घर में एक बुजुर्ग महिला और उनका नाती अभिषेक रहता है। सोमवार की देर रात 11 के करीब अभिषेक घर के बाहर निकल रहा था, इसी दौरान अचानक मकान का लगभग 20 फीट का छज्जा भरभरा कर गिर गया। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी लगते ही सुबह नगर पालिका प्रतिनिधि और सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा और पार्षद प्रतिनिधि संजय अग्रवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही हर संभव मदद करने की बात कही।

# 16 वर्षों से चल रही यात्रा का मानोरा में समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर के मानोरा में 200 बरसों से अधिक समय से जगदीश स्वामी की रथ यात्रा आषाढ़ सुदी दोज के दिन निकली जाती है। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगदीश स्वामी के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं।

एक दर्जन गांव के श्रद्धालुओं द्वारा दो दिवसीय पैदल यात्रा संकीर्तन के साथ विभिन्न गांवों से होते हुए निकलते हैं। इस वर्ष इसका शुभारंभ घटेरा वाले गुरु महाराज के सानिध्य में किया गया। यह यात्रा गंगा दशहरा से निकली जाती है और निर्जला एकादशी को इसका जगदीश पुरी मानोरा में समापन किया जाता है। यात्रा का शुभारंभ बाबूलाल शर्मा के तत्वाधान में 16 वर्ष पूर्व किया गया था जो की लगातार जारी है। यात्रा के सचिव अशोक कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, नाथू सिंह रघुवंशी, मनोज शर्मा, सुरेश जैन, घनश्याम नेमा, प्रताप सिंह रघुवंशी, रामसेवक सक्सेना, सियाराम सोनी लक्ष्मण सिंह रघुवंशी रमेश साहू गणेशाराम, सरपंच राजू कुशवाह, गन्नू कुशवाह, मनीराम कुशवाह, दीपक रघुवंशी, महेंद्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे।





### ट्रेन की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवती की मौत

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मंगलवार की सुबह पटरी पार करते समय एक युवती ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में मृत युवती रामदेवी 24 साल चाठोली गांव की निवासी है। वह पिछले 6 साल से दीदी-जीजाजी के साथ उदयनगर कॉलोनी के पास रहती थी। मंगलवार सुबह घर से शौच के लिए निकली इसी दौरान पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बीना से भोपाल की ओर जा रही यह ट्रेन तीसरे ट्रैक पर चल रही थी। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया।

# चड्डी गिरोह ने एक घर और छात्रावास को बनाया निशान, नकदी, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित गेहूं तक चुरा ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इंदिरा कॉम्पलेक्स में दो रातों से चोरों का आतंक है। 17 जून और 18 जून की रात 8 चोरों की गैंग हथियार सहित चोरी की वारदातों को अंजाम दे रही है। यहां सभी घरों में कैमरे लगे हैं इसके बाद भी चोर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बीती रात विशाल बंसल के घर चोरों ने धावा बोला और डेढ़ लाख का सामान ले गए। उससे पहले गर्ल्स हॉस्टल के चौकीदार के घर से गेहूं सहित अन्य सामान चोरी करके ले गए। वीडियो फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि हथियारबंद गेम सक्रिय है। रात्रि गश्त भी जारी है उसके बावजूद भी कोई पकड़ाई में नहीं आ रहा।



इंदिरा परिसर में कन्या छात्रावास में चार हथियारबंद चड्डी पहने चोर गिरोह के सदस्य छात्रावास का गेट पार कर अंदर घुसे और हजारों की चोरी को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। छात्रावास में काम कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि सोने चांदी के जेवर और कुछ अन्य चीजों के साथ-साथ टीवी के रिसीवर तक को चोर चुरा ले गए। सीएसपी अतुल सिंह का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को बारीकी से देखा जा रहा है। जल्दी ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- गिरोह अपने साथ हथियार और ताले तोड़ने के औजार रखे है।

### चरणतीर्थ मंदिर पर गिरी बिजली, बिजली की लाइन फाल्ट

**विदिशा।** मंगलवार को आकाशीय बिजली से चरण तीर्थ मंदिर का एक कोना क्षतिगस्त हो गया। छज्जे में छेद कर आकाशीय बिजली ने बिजली की लाइन जला दी। 18 जून 2007 को भी मंदिर के शिखर पर बिजली गिरी थी। जिससे मंदिर में क्षति पहुंची थी। चरणतीर्थ मंदिर पूरे जिले की पहचान हैं। चरण तीर्थ मंदिर पर पहले भी तड़ित चालक लगाने की बात कही गई थी मंदिर परिसर के आसपास के मंदिरों पर आकाश से बिजली की बहुत चमक दिखाई देती है।

### सुविधाओं के लिए महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** नटेरन तहसील के ग्राम सतीश खेजड़ा की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया कि गांव में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। स्थानीय स्तर पर कोई सुनवाई नहीं होती। इसलिए कलेक्ट्रेट आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि पेयजल के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है। लोगों के सामने हाथ फैलाने पड़ते हैं। गरीब होने के बाद भी उन्हें शासन द्वारा मिलने वाली किसी प्रकार की सुविधा का लाभ नहीं मिल रही। न कुटीर मिली न ही अन्य योजनाओं का लाभ मिल पा रहा। उन्होंने जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

### निजी स्कूल शिक्षक संघ ने विधायक, कलेक्टर और नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# फायर सेफ्टी न होने पर लगा जुर्माना वापस लेने, पुस्तकों को लेकर नए नियम का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

निजी स्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले निजी स्कूल संचालकों ने विधायक मुकेश टंडन उसके बाद नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य को मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन दिया। जिसमें समस्याओं को उठाते हुए हल करने की मांग की। निजी स्कूल संचालकों में सबसे ज्यादा नाराजगी फायर सेफ्टी को लेकर दिखाई दी।

निजी स्कूल शिक्षक संघ का कहना है कि किसी प्रकार की कोई भी जांच पड़ताल नहीं की गई और सीधे जुर्माना भेज दिया गया। वहीं फीस प्रतिपूर्ति जो आरटीई के तहत है उसको लेकर भी कहा गया की तीन से चार साल बाद दी जाती है। जबकि शासन के राशि जमा करने के मामले में कुछ देर लेट होने पर उसका ब्याज लगता है। तब शासन द्वारा स्कूलों को दी जाने वाली फीस प्रतिपूर्ति की राशि जो 2 से 3 साल बाद दी जा रही है उसका ब्याज भी मिलाकर दिया जाना चाहिए। फीस बढ़ाने को लेकर बनाए गए नियम में 10 फीसदी तक फीस बढ़ाने का नियम है, लेकिन उसे भी रोका जा रहा है। इस मामले में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य का कहना है कि जो स्थानीय स्तर की समस्या है उन्हे हल किया जाएगा। शासन स्तर की समस्या जैसे फीस प्रतिपूर्ति का मामला है वह शासन को भेजा जाएगा।



**विदिशा।** निजी स्कूल शिक्षक संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर भी सौंपा ज्ञापन।

### दो लाख 19 हजार 536 किसानों के खातों में सम्मान निधि जमा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले के किसानों के खातों में सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त सिंगल क्लिक के माध्यम से डाली गई। पीएम किसान सम्माननिधि से जिले के दो लाख 19 हजार 536 किसानों के खातो में भी राशि सिंगल क्लिक से जारी हुई है। कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा का कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने स्वागत किया। वहीं पीएम किसान सम्माननिधि योजना से लाभांवित होने वाले किसानों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किए गए। कार्यक्रम स्थल पर जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी निकिता तिवारी, एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार अजय पाठक के अलावा लाभार्थी किसान मौजूद रहे।

# पुलिस ने पांच घंटे में पिता के हत्यारे बेटे को गिरफ्तार किया



**कुरवाई।** कुरवाई तहसील के भैसवाया गांव में एक बेटे ने अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया।

निवासी कमल रैकवार निवासी ने पुलिस को सूचना दी कि मेरे बडे. भाई सुनील रैकवार ने पिता गनेशराम रैकवार की हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और वहीं रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाकर अलग अलग स्थानों पर रवाना की गई। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई तो तत्काल आरोपी सुनील रैकवार को मौके पर जाकर दबोच लिया। 5 घंटे के अंदर कुरवाई पुलिस ने आरोपी बेटे को दबोच लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी सुनील रैकवार नशे का आदि है और नशा न मिलने पर उसने अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया।

# कलेक्टर-एसपी सहित अन्य अधिकारी स्कूलों में छात्रों को पढ़ाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्कूल चले हम अभियान का क्रियान्वयन विदिशा जिले में 20 जून तक जारी है। जिसके क्रम में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में स्कूल चलें हम अभियान सत्र 2024 के तहत विविध कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर बुद्धिश कुमार वैद्य ने बताया कि जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों द्वारा किसी एक शाला में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को एक पीरियड लेकर अध्यापन कराने के साथ-साथ मार्गदर्शन प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत कलेक्टर, एसपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा 20 जून गुरुवार को उन्हें आवंटित किए गए स्कूलों में पहुंचकर एक पीरियड लेकर विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराया जाएगा।

अभियान अंतर्गत 20 जून गुरुवार को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पहुंचकर एक पीरियड लेकर विद्यार्थियों को अध्यापन कराने के साथ-साथ मार्गदर्शन प्रदान कर प्रोत्साहित करेंगे। ईसके अलावा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीएफओ ओमकार सिंह मर्सकोले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरपुरा, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज बरईपुरा तथा अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवगंज क्रमांक 2 टीला खेड़ी में पहुंचकर विद्यार्थियों को एक पीरियड लेकर अध्यापन कराएंगे। इसके अतिरिक प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अन्य अधिकारियों के द्वारा भी उन्हें आवंटित किए गए स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराया जाएगा।



**विदिशा।** प्रवेशोत्सव के दिन छात्राओं को पुस्तक देकर, तिलक लगाकर किया स्वागत।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2750
उच्चतम भाव-3855
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-2875
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2460
उच्चतम भाव- 2500
चना
न्यूनतम भाव- 4100
उच्चतम भाव- 6770
मसूर
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-6300
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4825
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5860
सरसों
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-6150
उड़द
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-8350
मूंग
न्यूनतम भाव-4660
उच्चतम भाव-7700
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2920
अलसी
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5800
बटरी
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6100
धनिया
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6400
इमली
न्यूनतम भाव-1035
उच्चतम भाव-1200

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 17420 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

**गंजबासौदा।** मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा नगर के जयस्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की गई। यातायात पुलिस ने 14 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की। यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय ने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिये यातायात पुलिस लगातार काम कर रही है। यातायात अमले ने अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 14 चालान बनाए, जिनसे 5300 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस द्वारा की गई। इस चैकिंग में दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करना, तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नगर के जय स्तंभ चौक, पचमा बायपास, त्योंदा रोड, तिरंगा चौराहा, नवीन कृषि उपज मण्डी के आसपास वाहनों की चैकिंग की जा रही है। यातायात पुलिस ने पालकों से अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील की है।

### छुट्टियों के बाद अपना स्कूल परिसर देखकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

# शासकीय शालाओं में विकासखंड स्तरीय प्रवेशोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा










मध्यप्रदेश शासन ने 45 दिन के ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद मंगलवार से बच्चों के लिऐ भी स्कूल खोल दिऐ गए हैं। इस अवसर पर विकासखंड स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गोविंद सिंह गुर्जर, एसडीएम विजय राय, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगवान सिंह दांगी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी कपिल तिवारी, सभी संकुल प्राचार्य और सभी जन शिक्षकों की उपस्थिति में मनाया गया। तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग केंद्र निर्देश अनुसार अनुसार मनाया गया। प्रथम दिवस स्कूलों में बच्चों को प्रवेशित करकर उनका रोरी और टीका लगाकर, फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ विशेष मध्यान भोजन उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य और स्कूलों में निरंतर उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शीतल जल के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। पर्यावरण उन्मूलन को बढ़ावा देने के लिए शाला परिसर में पौधरोपण किए गए और उपस्थित बच्चों के अभिभावकों को मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का संदेश का वाचन किया गया, बच्चों को फलों का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम तीन दिवस तक आयोजित होगा। द्वितीय दिवस बुधवार को सभी स्कूलों में शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जाना है। जिसमें बच्चों की विगत वर्ष की उपलब्धि और इस वर्ष के क्रिया कलापों पर चर्चा होगी तथा आगामी कार्य योजना बनाई जाऐगी। इसी के साथ बच्चों की पुस्तकों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तृतीय दिवस सभी स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसमें सभी जनप्रतिनिधी, सभी अधिकारी, सभी सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक, सभी स्कूलों के पूर्व छात्र जो बच्चों से संवाद प्रेरक कहानी, प्रेरणा शोध कहानियों के माध्यम से करना चाहें, बच्चों को स्कूलों में स्कूल का महत्व बताने के लिए करना चाहते हैं। वह सभी अपना पंजीयन लिंक के माध्यम से कराकर स्कूलों में जा सकते हैं और बच्चों से संवाद कर सकते हैं। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम स्कूल चले हम शासन की मंशानुसार विकासखण्ड में मनाया जाना है।

शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी मे स्कूल चले हम अभियान प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर वालंटियर राहुल लोधी ने बच्चो को भविष्य की तस्वीर पेश करते हुऐ आज पढ़ाई करने मेहनत लगन से आगे बढने की बात कही । पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष फेरन सिंह ने सभी बच्चों को रोज समय पर आने का संकल्प दिलाया। गणमान्य नागरिक रामकृष्ण लोधी , मनोज लोधी ने गुरू की आज्ञा पालन करने, सदैव अनुशासन मे रहने की बात कही। मुख्य वक्ता योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि शासकीय शालाओं में निकलने वाले बच्चे हर तरफ प्रतियोगिताओं में सफल हो रहे हैं। शासकीय शालाओं के शिक्षक साधुवाद के पात्र है जो इतनी मेहनत लगन और ईमानदारी निष्ठा से राष्ट्र नव निर्माण मे लगे हुऐ है । साक्षरता सह समन्वयक महेन्द्र सिंह ठाकुर एवं शाला प्रधानाध्यापक प्रज्ञानंद जाटव ने बच्चों एवं उनके अभिभावक का तिलक व फूल माला से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अनुष्का राजपूत ने तथा आभार आदर्श लोधी ने व्यक्त किया।

वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद अंशलेखा रोहित भावसार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सर्वप्रथम विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रकाशनाम जोशी ने सम्बोधित किया। जिसमें उन्होने छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ व्यक्तिगत विकास एवं चरित्र निमार्ण के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्राचार्य शिल्पांजना शर्मा नें अपने उद्बोधन में छात्राओं के जीवन में अनुशासन एवं पढाई के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में अंशलेखा रोहित भावसार में छात्राओं से नियमित विद्यालय आने, विद्यालय को स्वच्छ बनानें, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होनें एवं पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पंकज शर्मा नें तथा आभार मंजुलता पटवा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में लगभग 250 विद्यार्थी एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्टॉफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष ने नगरीय प्रशासन मंत्री से की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भोपाल पहुंचकर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजय वर्गीय से सौजन्य भेंट कर। नगर के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की एवं नगर में कराए जा रहे निर्माण कार्य, सौंदर्यकरण कार्यों से अवगत कराया गया।

## जनसुनवाई में आए आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को तहसील के पटवारी सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें नगर सहित ग्रामीण अंचलों से अनेक लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिकायती आवेदन लेकर आऐ। जनसुनवाई में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें विधिवत सुनवाई हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों के लिए भेजे गए। इस अवसर पर तहसीलदार सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### सीमांकन के लिए किसान ने आवेदन दिया



**गंजबासौदा।** मंगलवार को मोहन सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम फरीदपुर ने तहसीलदार को एक आवेदन दिया। जिसमें कहा गया है कि उसके नाम पर फरीदपुर में आ.क्र. 527/1/2 रकवा 0.072 हेक्टेयर भूमि है। जिसके सीमांकन हेतु आवेदन दिया गया। जिसका शीघ्र सीमांकन कराया जाऐ। आवेदन के बाद तहसीलदार द्वारा राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी को किसान की भूमि का सीमांकन कर पंचनामा सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया।

## त्योंदा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

ग्राम सुमेर दांगी से प्रीतम मालवीय को त्योंदा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 354, 456 के तहत मामला दर्ज था। जिसे त्योंदा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## अनूठे ढंग से मनाई गई नागरिक सेवा समिति संस्थापक की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






मंगलवार को मानस भवन में नागरिक सेवा समिति के संस्थापक स्वर्गीय विशन जी भाई की 30 वीं पुण्यतिथि अनूठे ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीतू रघुवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत, विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, श्वेतांवर समाज अध्यक्ष डॉ. विमलचंद ओसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रकुमार तारण, स्पंदन अकादमी के संस्थापक निर्मल शर्मा, नवांकुर स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित, भरत भाई मुंबई एवं कांति भाई शाह अध्यक्ष नागरिक सेवा समिति ने भारत माता एवं समिति के संस्थापक स्वर्गीय विशन जी भाई के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ की ओर से 51 सिलाई मशीन गरीब एवं असहाय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु भेंट की गई, ताकि वह अपने परिवार का लालन पालन कर सकें। नागरिक सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शैक्षणिक संस्थाओं में निर्धन बच्चों की पढ़ाई के लिए पच्चीस हजार रुपए की राशि का चैक नवांकुर विद्यापीठ, स्पंदन अकादमी के संचालक को भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन नागरिक सेवा समिति उपाध्यक्ष सुरेश तनवानी ने एवं आभार समिति कोषाध्यक्ष योगेश शाह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक सेवा समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं नवांकुर, डॉल्फिन, रतनबाई विद्यालय एवं स्पंदन अकादमी के छात्र, छात्राओं के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष कांतिभाई शाह, कविता बेन भरत भाई, दमयंती बेन योगेश शाह, शंभू दयाल शर्मा, सत्यपाल तनवानी, डॉक्टर डीपी शर्मा, गोविंद नारायण खंडेलवाल, विनीत अरोरा, संतोष शर्मा, तुलसीराम नामदेव, चेतन शाह, दीपा जयेश शाह, सुभाष शाह, केयूर शाह, हेमंत राय, चंद्रशेखर ताम्रकार, जितेंद्र दांगी, जमीयत राय तनवानी, नानक मामा, जयमाला खापरे सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### लहरावदा निवासी भावसिंह की स्मृति में पुत्र ने दो होदियां बनवाई

# पंचतत्व की प्रेरणा से कराया पशुओं के लिए टंकियों का निर्माण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंचतत्व संरक्षण समिति विगत कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत है। गर्मियों में समिति पक्षी चेतना अभियान के तहत प्यासे पक्षियों के लिये दाना-पानी की व्यवस्था एवं प्यासे पशुओं के लिये पानी की हौदियां (टंकियां) रखवाती है। इसी कार्य से प्रेरित होकर ग्राम लहरावदा निवासी रूपसिंह ठाकुर ने अपने पिता भावसिंह की स्मृति में 4 फिट बाय 8 फिट की दो हौदियां बनवाई हैं। एक होदी अपने गृह ग्राम लहरावदा एवं एक टँकी हनुमान मंदिर बागरोद पर रखवाई है। जिन्हें भरने की जिम्मेदारी विनोद शर्मा एवं स्वयं रूपसिंह ने ली है। इस अवसर पर पंचतत्व संरक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में प्यासे पशु-पक्षियों के पीने के पानी की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है। लगातार प्यासा रहने से पशुओं की आंखों की रोशनी चली जाती है एवं पशु व पक्षी पानी के अभाव में दम तोड़ देते हैं। इस अवसर पर भावसिंह के पोते एवं पंचतत्व के सक्रिय सदस्य प्रमोद सिंह ठाकुर लहरावदा, प्रमोद सिंह राजपूत कोषाध्यक्ष पंचतत्व ,रूपसिंह ठाकुर, दिवान सिंह कुशवाह, विनोद शर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद थे।

### युवक ट्रेन से गिरकर हुआ घायल



**गंजबासौदा।** मंगलवार को एक युवक अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। आरपीएफ पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जावेद अख्तर उम्र 40 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश मुंबई जा रहा था। तभी स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन से गिर गया। ट्रेन के निकल जाने पर वहां के रहवासियों ने युवक को घायल अवस्था में पटरियों के पास पड़ा देखा तो सूचना 108 और आरपीएफ पुलिस को दी तथा घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल भिजवाया।


## नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 108 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मंगलवार को सद्गुरु विज़न सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा ने 108 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताएं और नेत्र रोगियों से अनुरोध किया कि वह प्रत्येक माह में अपने नेत्रों का परीक्षण अवश्य कराऐं, ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले एवं मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संघठन के प्रदेश प्रभारी डॉ. एके जैन, जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा 50000 से अधिक ऑपरेशन निशुल्क किए जाते हैं, जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी विजय अरोरा, संजीव शर्मा, आनंद मिश्रा, रामकुमार, सरदार सिंह सिसोदिया सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित थे। नेत्र शिविर में 53 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया, वहीं 17 से अधिक लोग मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए, 29 मरीजों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। वहीं 19 लोगों को ऑपरेशन के पश्चात चश्मे भी प्रदान किए गए। सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा मरीज को ऑपरेशन के पश्चात निशुल्क काला चश्मा एवं दवाई प्रदान किया जा रहे हैं, उन्होंने नेत्र रोगियों से अनुरोध किया कि वह ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ उठाएं।

### इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग



**गंजबासौदा।** मंगलवार को नानाजी गली निवासी अमन गिफ्ट सेंटर वालों के घर में रखी इलेक्ट्रिक स्कूटी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। घर से उठता धुंआ देख घर के सदस्यों ने स्कूटी को घर से बाहर निकाला एवं आग पर काबू पाया। इस दौरान स्कूटी का कुछ हिस्सा आग से जलकर क्षतिग्रस्त हो गया।

## खबर संक्षेप



### मजदूर संघ ने मनरेगा और राजस्व प्रकरणों में हो रही अनियमितताओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज।** मंगलवार को तहसील कर्यालय में बड़ी मात्रा में किसानों और मजदूरों द्वार अपनी मांगों को लेकर कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के बैनर तले अनुविभागीय अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। संघठन के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौरसिया द्वारा ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि किसानों द्वारा आपसी विवादों से बचने के लिए बड़ी मात्रा में सीमांकन के आवेदन लगाए जाते हैं परंतु सीमांकनों के आवेदनों पर पर्याप्त मात्रा में निराकरण नहीं होता अतः 30 जून से पहले किसानो के राजस्व संबंधी आवेदनों पर 100 प्रतिशत निराकरण किया जाए और धान की रोपाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली दी जाए तथा बिजली को दिन में एक ही शिफ्ट में 10 घंटे दिया जाए जिससे कि किसानों को बरसात में रात्रि के समय खेतों पर बिजली के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। वही उन्होने कहा कि राजस्व प्रकरणों में न्यायालीन आदेशों के 15 दिन के अंदर आदेशों पर अमल किया जाना सुनिश्चित किया जाए जिससे अनावश्यक किसानों को तहसील कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। कृषकों को मनरेगा योजना का लाभ देते हुए भूमि सुधार खेत तालाव कुआ आदि प्रकरण अधिक मात्रा में स्वीकृत किया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के तहत मजदूरों से कार्य करने का प्रावधान है बावजूद इसके ग्राम पंचायत द्वारा बड़ी मात्रा में मशीनों का उपयोग कर मजदूरों के हक पर डाका डाला जा रहा है जिसके लिए जनपद पंचायत को निर्देशित कर मजदूरों को मनरेगा योजना में सौ प्रतिशत भागीदारी करवाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डी.ए.पी निजी खाद विक्रय केदो पर 1500 के ऊपर बेची जा रही है जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है ,कृषि विभाग द्वारा खाद बीज कीटनाशकों एवं कृषि मशीनरी की गुणवत्ता के साथ विक्रय दर को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया जाए। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष राकेश कुशवाह, अमर सिंह अहिरवार, मंगल सिंह, राकेश विश्वकर्मा, शिवराज सर्यवंशी, बसंती बाई प्रजापति, शाहिद अनेक महिलाएं और कृषक उपस्थित रहे।

### महिला ने लगाई फांसी

**कुरवाई।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 माता बाग में रोशनी पत्नी सूरज बागड़ी उम्र 19 वर्ष निवासी कुरवाई जो अपने पिताके घर रह रही थी उसने दोपहर करीबन 10 बजे घर के अंदर कच्चे मकान में लकड़ी की मियार से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने बताया की रोशनी सुबह से सामान्य व्यवहार दिखाई दे रहा था स्नान करने के बाद सुबह मंदिर होकर आई थी। घर पर भगवान के सामने दीपक भी लगाया था एवं पूजा अर्चना की थी। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार जनों के अनुसार उसका विवाह 1 वर्ष पूर्व हुआ था। रोशनी में परिवार जनों को कवि कोई शिकायत नहीं की जिससे यह पता चलाता वह कौन सी परेशानी में चल रही है।

शिक्षकों ने बच्चों से खुशी मन से मेहनत के साथ अपनी बेतहर पढ़ाई करने की अपील

# नवीन सत्र का शुभारंभः बच्चों को तिलक लगाकर स्कूलों में कराया गया प्रवेश, खिलाई खीर-पुरी

स्कूल में बच्चों की उपस्थिति कम देखकर प्राचार्य बोले पुनः प्रारंभ करेंगे अभियान, घर-घर जाकर पालकों से पुनः करेंगे संपर्क









हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नए सत्र के शुभांरभ के अवसर पर विकास खण्ड सिरोंज के समस्त शासकीय स्कूल में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूलो के अवकाश की समाप्ति के बाद नए सत्र के शुभांरभ में पर सभी स्कूलों के दरवाजे स्कूली बच्चों के लिए पुनः खोल दिए गए हैं। जहां मंगलवार की सुबह स्कूली बच्चों ने स्कूल का रूख किया। स्कूलों में बच्चों के प्रथम दिन होने पर प्रवेशोत्सव की तैयारी में बैठे स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों के माथे पर तिलक-चंदन व वंदन कर उनका स्वागत किया। साथ ही नए कक्षाओं की पाठ पुस्तिकाओं का वितरण करते हुए नए कक्ष से रूबरू कराया।

इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशियां खिली रही। वहीं स्कूलों में बच्चों की चहलकदमी से शिक्षकों को भी सुकून सा महसूस हुआ। शिक्षकों ने बच्चों से खुशी मन से मेहनत के साथ अपनी बेतहर पढ़ाई करने की अपील की। लगभग दो माह के बाद खुले स्कूलों से एक बार फिर स्कूल परिसर का माहौल चहल-पहलनुमा बन आया है। हालांकि प्रथम दिवस होने के कारण अनेको स्कूलो में बच्चों की संख्या कम रही। लेकिन नए कक्ष और नए सत्र की जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शासकीय सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश उत्सव के अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। वही जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रवेश उत्सव पर मार्गदर्शन दिया गया। इस मौके पर बीईओ उमेश कुमार सोनी एंव बीआरसी रमेश धाकड़ द्वारा प्रवेश उत्सव का महत्व एवं छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए कहा गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्रों को तिलक लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया और समस्त छात्रों को पुस्तकों का वितरण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ संजीव कुमार माथुर,पार्षद संजय सोनी वरिष्ठ पार्षद तोषमणि पंथी,रामबाबू रघुवंशी सहित समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। वही कार्यक्रम का संचालन शिक्षक करन सिंह विश्वकर्मा एंव खेल शिक्षक शान मिंया द्वारा अतिथियो का आभार व्यक्त किया गया।

### तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला देहरी में शासन के नियम अनुसार प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चो के पलक जन प्रतिनिधि और स्वयंसेवी अमीन सादिक उपस्थित हुए सभी ने सभी पालकों को समझाइस दी और अपने बच्चों को प्रतिदिन शाला भेजने हेतु सब पड़े सब बड़े अभियान के तहत ग्राम के प्रत्येक मोहल्ले में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शाला में प्रवेश हेतु संपर्क किया गया। यह सारी तैयारियां शाला प्रभारी चंद्र मोहन माली उर्फ के.के माली एंव शाला में पदस्थ समस्त शिक्षकों ने बहुत लगन और उत्साह से की। संपर्क हेतु प्रत्येक घर प्रत्येक पालक और बच्चे को प्रतिदिन शाला भेजने हेतु समझाया। साथ ही उपस्थित बच्चों को खीर,पुरी,आलू टमाटर की सब्जी और लड्डू तथा बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### तिलक लगाकर दी नवीन सत्र की पुस्तकें

नए सत्र शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय परिवार पारधा द्वारा प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वही स्कूल प्राचार्य वेद प्रकाश सिंह राजपूत द्वारा बताया गया कि हमने व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर सतत पालकों से संपर्क किया गया और विद्यालय में नवीन सत्र में प्रवेश संबंधी जानकारी दी गई थी। वही उन्होने कहा कि अवशोष इस बात का है कि पलको द्वारा सकारात्मक सोच नही रखी गई। जिससे कि स्कूल में बहुत कम बच्चे उपस्थित रहे और सारी व्यवस्था औपचारिकता मात्र रह गई। बच्चो को तिलक लगाकर नवीन कक्षा की पुस्तके दी गई। साथ ही नवीन सत्र में नर्सरी में प्रवेश लेने वाले 33 चिन्हित बच्चो की सूची वरिष्ठ अधिकारी को भेज दी गई। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक कमलेश,शिक्षिका श्रीमति रजना तिवारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर अनिल कुशवाह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### घर-घर जाकर पुनः अभियान करेंगे प्रारंभ

हाईस्कूल पारधा प्राचार्य वेद प्रकाश राजपूत ने कहा कि शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सिर्फ आदेश जारी कर देते हैं लेकिन उनको जारी करवाना सिर्फ औपचारिकता मात्र रह गया। बच्चो और पालकों का स्कूल में उपस्थित न होना यह चिंता का विषय है। उन्होने कहा कि मेरा उध्देश्य तो यह है कि मुख्य रूप से स्कूल में सारी व्यवस्था के साथ शिक्षा की व्यवस्था में सुधार लाया जाए। साथ ही पालकों को आकर्षित करने के लिए हम सभी मिलकर घर-घर संपर्क अभियान पुनः चालू करेगे। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना को लेकर हम सभी घर घर संपर्क अभियान चलाएंगे। हमारे प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ मोहन यादव की मनसा अनुरूप कोई भी बच्चा बिना प्रवेश न रहे। वही उन्होने क्षेत्रीय विधाकय उमाकांत शर्मा से अनुरोध करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षक भर्ती से शिक्षक उपलब्ध कराए जाए और स्कूल भवन जो सिर्फ पंचायत भवन में संचालित हो रहा है। उसके लिए कक्ष उपलब्ध कराए जाए। जिससे कि बरसात के मौसम में कक्षाएं लगाई जा सके। साथ ही स्मार्ट क्लास की सुविधा बच्चो को मिल सकें।

## स्कूली छात्र-छात्राओं को विधायक की पुस्तक वितरित

**नटेरन।** स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत नटेरन सी एम राइज स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मीणा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण किया गया बीईओ राकेश सेन एवं बीआरसी मुकेश शर्मा ने विधायक का शाल श्रीफल से स्वागत किया। कार्यक्रम के विधायक मीणा ने स्कूली छात्रों को तिलक लगाकर पुस्तक वितरित की वहीं उन्होंने कहा कि सभी बच्चे रोज नियमित स्कूल पढ़ाई करने आए और मन लगाकर पढाई करें जीवन में एक बात ध्यान रखे हमेशा अपनी सोच ऊंची रखे भाजपा की सरकार निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नईं नई योजनाओं के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में हमारा मध्य प्रदेश आगे रहा है। बीआरसी ने विधायक के समक्ष मॉडल स्कूल नटेरन में छात्रावास भवन स्वीकृत करने की मांग रखी जिससे की दूर दराज जगह के छात्र छात्राएं वहां पर रहकर पढ़ाई कर सकें कार्यक्रम के उपरांत विधायक ने विद्यालय परिसर में ब्रक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम का संचालन जालम सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर एसडीएम अजय पटेल, सीईओ जितेंद्र धाकरे ,वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण तिवारी, मंडल अध्यक्ष सचिन तिवारी जनपद उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़ रामकृश्ण मीना दिनेश श्रीवास्तव निरंजन सिंह,संग्राम सिंह,धीरज सिंह संजय चौकसे संजय रघुवंशी राजकुमार राजपूत कमल सिंह धाकड़ कल्याण सिंह यादव नीलम रघुवंशी अमित रघुवंशी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## हिंदी साहित्य सम्मेलन का प्रतिष्ठित वागीश्वरी पुरस्कार सागर की डॉ.सुजाता मिश्र को



**सागर।** म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन की 65वीं वर्षगांठ पर आयोजित नीलम जयंती शब्द उत्सव 14 से 16 जून भोपाल में सम्पन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थापना 1 मई 1910 में नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा वाराणसी में हुई थी। पंडित मदनमोहन मालवीय, पुरुषोत्तमदास टंडन, महात्मा गांधी जैसे व्यक्तित्व का जुड़ाव इस संस्था के गौरवशाली इतिहास का प्रमाण है। देश भर में हिंदी साहित्य सम्मेलन की अनेक शाखाएं हैं जिनमें हिंदी साहित्य सम्मेलन मध्यप्रदेश का स्थान प्रमुख है। सम्मेलन के अंतिम दिन आयोजित अलंकरण, सम्मान एवं पुरस्कार समारोह में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के हिंदी विभाग में अतिथि विद्वान के रूप में अपनी सेवाएं दे रहीं डॉ.सुजाता मिश्र को उनकी पुस्तक 'हिंदी सिनेमा की स्त्री यात्रा' (कथेतर गद्य विधा) के लिए वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित वागीश्वरी पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कृत पुस्तक 'हिंदी सिनेमा की स्त्री यात्रा' का विमोचन गौर जयंती के अवसर पर आयोजित गौर उत्सव में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, तत्कालीन कुलाधिपति प्रो. बलवंत जानी तथा यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह के हाथों हुआ था। सागर शहर की प्रतिष्ठित संस्था श्यामलम द्वारा गत वर्ष पुस्तक पर चर्चा और विमर्श का आयोजन भी किया गया था जिसमें सुविख्यात साहित्यकार डॉ.शरद सिंह, प्रो.आनंद प्रकाश त्रिपाठी तथा प्रो.चंदा बैन सहित सागर सभंगायुक्त मुकेश शुक्ला ने पुस्तक पर अपने विचार रखे थे।

## सीएम राइज स्कूल प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**देवरीकलां।** शासकीय सीएम राइज शास. उच्च. माध्य. विद्यालय देवरी में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 3 दिवसीय आयोजन का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा स्कूली नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत एवं पाठ्यपुस्तक भेंट कर किया गया। प्रदेश शासन स्कूली शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के स्कूलों में स्कूल चले हम अभियान के प्रथम चरण दिनांक 18 जून से दिनांक 20 जून तक प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उसी परिपेक्ष्य में शासकीय सीएम राइज उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत पटैरिया सहित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षा सिर्फ एक व्यक्ति का निर्माण नही करती बल्कि एक सभ्य समाज का निर्माण करती है। सीएम राइज एवं पीएम श्री स्कूलों के माध्यम से सरकारी शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव की पृष्ठभूमि तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के आम गरीब व्यक्ति के समग्र विकास की सोच है, सरकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर इसे तकनीकी, आधुनिक एवं प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से पूरे समाज में बदलाव आएगा।

## शिक्षा बच्चों का मूलभूत अधिकार हैः भारती माहेश्वरी नपा अध्यक्ष

**शमशाबाद।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शिक्षकों ने आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी एवं पार्षदगणों का स्वागत कर प्राचार्य आशीष सक्सेना ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में आयोजित गतिविधियों से अवगत कराया। स्काउट प्रभारी मोहम्मद हनीफ खान ने स्काउट एवं खेल गतिविधियों की उपलब्धियों से अतिथियों को अवगत कराया। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने उपस्थित छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा की अच्छी शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का मूलभूत अधिकार है। नगर परिषद शमशाबाद तन मन और धन से होनहार विद्यार्थियों की मदद के लिए तैयार है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी ने कहा की इस विद्यालय से कई प्रतिभाएं निकली हैं जो आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का झंडा गाड़ रही हैं। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों को नवीन शिक्षा सत्र की पुस्तकें एवं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र विक्रम सिंह धाकड़ को इंस्पायर्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु 1 लाख 50 हजार रुपए का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।




## युवा नेता अबिराज सिंह ने बांदरी के सीएम राइज स्कूल के प्रवेशोत्सव का किया शुभारंभ

**सागर।** युवा नेता अबिराज सिंह ने आज मंगलवार को बांदरी नगर परिषद के सीएम राईज स्कूल का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज से स्कूल चले अभियान शुरू हो गया हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अबिराज सिंह ने कहा कि विद्यालय में आज से नया सत्र आरंभ हुआ है सभी बच्चे रोजाना स्कूल में आये और अच्छे से पढ़ाई करें। युवा नेता अबिराज सिंह ने कहा कि मैंने अपने जीवन में महाराणा प्रताप जी के बारे में बहुत पढ़ा है। हमने महाराणा प्रताप जी से सीखा है कि मातृभूमि और राष्ट्र भक्ति क्या होती है तो आप भी महाराणा प्रताप जी के बारे में पड़ना। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अबिराज सिंह ने कहा कि आप सभी डॉ. अब्दुल कलाम जी के बारे पढ़ो तो उनसे आपको जीवन की अहमियत सीखने को मिलेगी। अबिराज सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में पढ़ा है कि जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए ये हमने प्रधानमंत्री से सीखा और आपके भूपेन्द्र भैया के बारे में पढ़ा तो उनसे यह सीखा कि में भी अपना पूरा जीवन जन सेवा में ही लगा दूगां।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आप श्रीमति अफरोज वी पत्नि श्री इरफान खान आयु 36 साल जाति मुसलमान निवासी ग्राम हकीमखेडी तोड तहसील व जिला रायसेन म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का प्लाट पुराना वार्ड क्र.34 नया 37 के मोहल्ला पूरनपुरा अंदर सीमा नगर पालिका विदिशा स्थित आवासीय प्लाट जो मोका पर 25 फिट वाय 40 फिट होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट का है जो आराजी क्रमांक 2538/मिन-5 रकवा 0.209 है. भूमि का अंश भाग है जिसकी चतुरसीमाए पूर्व में 20 फिट चोड़ा रास्ता, पश्चिम में मकान पंथी जी, दक्षिण में प्राची नाथ का मकान एवं उत्तर में अखलेश किरार का मकान स्थित है, को क्रय करने का तय कर लिया है व व्याना राशि भी अदा करदी है यदि उक्त वर्णित भूखण्ड के वावत कोइ व्यक्ति सस्था फर्म सहकारी, गैर सरकारी सस्था आदि अपना स्वत्व हित रखती हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अंदर अपनी लेखी दस्तावेजी सवूत सहित मेरे कार्यालय में कार्यदिवस में उपस्थित होकर उपनी आपति दर्ज करा सकता है अन्यथा समय अवधि गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त् भूखण्ड का विक्रय पत्र निष्पादन करा लिया जावेगा और फिर इसके सबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपति मान्य नही होगी। अतः सचित हों कार्यालय का समय सुबह 9 से 11 बजे तक एवं सायं 7 से 9 बजे तक

भवदीय दुर्गेश मिश्रा एडवोकेट,
निवासीः- श्री हनुमान मंदिर के सामने पूरनपुरा चौराहा विदिशा म.प्र.
मो.नं. 7566256955, 7974891481

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं उमा सिंह अहिरवार पत्नि श्री डॉ आर.के. अहिरवार, मेरी पुत्री वाणी सिंह का नाम समग्र आईडी एवं आधार कार्ड 8138-9139-1603 में तृटिवश उपासना सिंह अहिरवार दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड में पहले वाणी सिंह ही था। जन्म प्रमाण पत्र सहित अंकसूची में वाणी सिंह ही दर्ज है। उपासना सिंह अहिरवार नाम की मेरी कोई पुत्री नहीं है। अतः सभी दस्तावेजों में वाणी सिंह ही माना जाये। नि. रंगियापुरा विदिशा तह. व जिला विदिशा म.प्र.

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी गौरव मत्स्य पालन सहकारी संस्था मर्यादित नौलास जिला विदिशा**

पंजीयन क्रमांक - 713, // आमसभा की सूचना // दिनांक 20.01.2006

संस्था के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन आमसभा दिनांक 27.06.2024 को समय 11 बजे 4:00 बजे तक सोसाईटी कार्यालय नौलास पर आयोजित की जावेगी। दिनांक 20.06.2024 को समय 11.00 से 03.00 बजे तक संस्था कार्यालय नौलास पर नामांकन पत्र लिए जावेगे। दिनांक 21.06.2024 को नियोजन फार्मो की 03.30 बजे से जांच की जावेगी दिनांक 22.06.2024 को समय 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेगे, तत्पश्चात चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जावेगा आमसभा व निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना सभी सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(किशोर कुमार अहरवाल) रिटर्निंग अधिकारी
गोरव मत्स्य पालन सहकारी संस्था मर्यादित नौलास

सीएम राइज स्कूल कुरवाई में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह सप्रे ने छात्रों को किया संबोधित

# जीवन में उन्नति करना है तो माता-पिता का सम्मान करो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई




सीएम राइज स्कूल में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक हरिसिंह सप्रे, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सीताराम सैनी, विनोद जैन, विधानसभा संयोजक मुख्यकार्य पालन अधिकारी आयुष अग्रवाल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागडी, वरूण चौबे, नवीन पालीवाला मौजूद रहे। विद्यार्थियों को तिलक कर पुस्तकें प्रदाय की गई। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य द्वारा विगत दो वर्षो में सीएम राइज स्कूल की कार्य पद्धति एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला संस्था के लाइट हाउस चयन की उपलब्धि पर अतिथियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विधायक हरिसिंह सप्रे ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में कभी भी अपने माता पिता से आमर्यादित बात न करे। कितना भी अच्छी और ऊंची पढ़ाई करें परन्तु माता पिता के सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम कभी नहीं करें।

उन्होंने कहा मैं भी इसी स्कूल पूर्व छात्र रहा हूं। उस समय मेरे गुरूओं ने मुझे बहुत पीटा भी है लेकिन उसे मैं आशीर्वाद के रूप में लेकर मैं आगे बढ़ा इसलिए गुरूओं की डांट को कभी अन्यथा न लें। जनपद पंचायत सीइओ आयुष अग्रवाल द्वारा भी विद्यार्थियों से तीन मंत्र का पालन करने की बात की उन्होंने कहा जो भी आपकों पढ़ाया जाता उनका दो घंटे रिवीजन अवश्य करें। मोबाइल से दूरी बनाएं और अपने माता पिता की बात मानें। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी ने दो वर्ष में हुई छात्रों की प्रगति पर प्राचार्य एवं शिक्षक परिवार को बधाई दी। विधानसभा संयोजक विनोद जैन द्वारा भी छात्रों से शासन की व्यवस्थाओं लाभ उठाकर आगे बढने के लिए मेहनत करने की अपेक्षा की कार्यक्रम का संचालन निधि कटारे द्वारा किया गया। इस अवसर पर्याप्त विद्याथर्थी और शिक्षक परिवार के साथ ही छात्र छात्राओं के पालक भी उपस्थिति रहें।

## खबर संक्षेप

### कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक डिजाइन सेंटर के नए बैच में प्रवेश 21 जून से

**सीहोर।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग की निगरानी में स्थापित "कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक डिजाईन सेंटर'' में वर्ष 2024-26 सत्र के लिये प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह कोर्स दो वर्ष का है। पहले वर्ष कैलीग्रॉफी की ट्रेनिंग दी जायेगी तथा दूसरे वर्ष में ग्रॉफिक डिजाईन की ट्रेनिंग दी जायेगी। सेंटर में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार अकादमी से प्राप्त निर्धारित फार्म 21 जून, 2024 तक कार्यालय में समय से जमा कर सकते हैं। फार्म सीमित हैं, जो अंतिम तिथि से पूर्व समाप्त हो सकते हैं। उम्मीदवार को कम से कम उर्दू विषय सहित मैट्रिक पास या उसके समकक्ष अदीब, माहिर या अदीब कामिल होना आवश्यक है।

### ट्रांसफार्मर खराबः 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर** । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के पास विद्युत ट्रांसफार्मर व्यवधान संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने के लिए कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 एवं मोबाइल एप उपाय का विकल्प मौजूद है।

दो अलग-अलग हादसों में एक महिला गम्भीर घायल, एक युवक की मौत

# वाहन की टक्कर से महिला सरपंच और उनकी बहन घायल, शिप्रा में मिला शव

हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही दूसरी घटना में युवक का शव नदी से निकालकर पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।जहां मृतक के शव का पीएम हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोमवार को कालू खेड़ी चौराहे पर दो महिलाओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। एक की हालत गंभीर होने के चलते उसे रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शकुंतला पिता गोकुल पवार गायत्री पिता गोकुल पवार निवासी अमलावती दोनों अपने घर से कंचनपुर महादेव मंदिर गई हुई थी। मंदिर से लौट रही थी इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कालूखेड़ी चौराहे पर टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को चोट आई है दोनों को जिला अस्पताल लाया गया।गायत्री की गंभीर हालत होने के कारण उसे इंदौर रेफर किया गया है। परिजनों ने बताया कि शकुंतला पवार ग्राम पंचायत निपानिया की सरपंच हैं। जो अपनी बहन गायत्री के साथ सोमवार को महादेव मंदिर कंचनपुर गई हुई थी, वहां से लौटते समय हादसा हो गया।दरअसल सोमवार को महिला सरपंच उसकी बहन के साथ मंदिर से घर की ओर एक्टिवा से लौट रही थी, उसी दौरान कालूखेड़ी के समीप अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों घायल हो गई।



दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां सरपंच की गंभीर हालते के चलते उसे इंदौर रेफर कर दिया। एक घायल का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। सरपंच शकुंतला पिता गोकुल पवार उम्र 26 वर्ष व गायत्री पिता गोकुल पवार निवासी ग्राम अमलावती दोनों अपने घर से कंचनपुर महादेव मंदिर गई हुई थी। मंदिर से लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कालूखेड़ी चौराहे पर टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को चोट आई। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां शकुंतला का प्राथमिक उपचार कर उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। वहीं उनकी बहन गायत्री का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।नदी में मिला युवक का तैरता शवशिप्रा नदी में सोमवार को एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय तैराकों की मदद से शव नदी से निकालकर पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।जहां मृतक के शव का पीएम हुआ। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।मृतक की शिनाख्त राहुल पिता रमेश झाला उम्र 25 निवासी नौसराबाद कॉलोनी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अपने घर से शनिवार शाम से लापता था। रविवार शाम को परिजनों ने सिविल लाईन थाने पर गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। मामले में औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में डाले जाने पर मनाया किसान उत्सव दिवस



**सीहोर।** किसानों को सम्मान निधि मिलने की खुशी में सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम चन्देरी, रामाखेड़ी, कुँलासखुर्द, उलझावन, सेवनिया, छापरीकलाँ, बिलकिसगंज सहित अनेकों ग्राम के किसानों ने मिलकर प्रधानमंत्री मोदी, केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए अनोखे अंदाज में डांडिया नृत्य करते हुए खुशियां मनाई।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 16 जून को किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में सेकड़ों किसानों ने भोपाल जाकर अपनी खेती को हाँकने वाला हल को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को हल भेट कर किसानों को बीमा राशि दिये जाने बात रखी थी। जिस पर श्री चौहान ने आश्वस्त किया था कि दिनांक 18 तारिख को 17 वी किस्त सभी किसानों को मोदी जी के द्वारा किसान सम्मान निधि प्रदान करा दी जायेगी। किसान सम्मान निधि प्राप्त होने पर किसानों ने डंडिया कर किसान उत्सव दिवस मनाते हुए खुशी का इजहार किया और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों से ई- खसरा, खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय कोई आयु नहीं होतीः कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य



**सीहोर।** शहर के जगदीश मंदिर स्थित प्राचीन मंदिर के परिसर में समस्त महाकाल सेवा समिति सब्जी मंडी के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने भक्त प्रहलाद और हिरण्यकश्यप का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय कोई आयु नहीं होती।

उन्होंने बताया कि पृथ्वी लोक पर हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष दो असुरों ने भयंकर उत्पात मचा रखा था। देवताओं के आग्रह पर भगवान विष्णु ने हिरण्याक्ष का वध कर दिया। इससे हिरण्यकश्यप बदले की आग में जलने लगा और शक्तियां प्राप्त करने के लिए तपस्या करने लगा। हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधु ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसका नाम भक्त प्रहलाद रखा इसके पश्चात कयाधु अपने पुत्र को लेकर अपने महल आ गई। भक्त प्रहलाद के जन्म लेते ही वह भक्ति के सागर में डूब गया और जब यह बात उसके पिता राक्षस राज हिरण्यकश्यप को पता लगी तो उसने अपने पुत्र को कई प्रकार से समझाने का प्रयास किया कि वह भगवान विष्णु की भक्ति करना छोड़ दे। क्योंकि हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को शत्रु मानता था और बदले की भावना में जल रहा था। हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। पंडित राहुल कृष्ण ने विस्तार से भक्त प्रहलाद का चरित्र वर्णन करते हुए कहा कि हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तपस्या कर भगवान ब्रह्मा से ऐसा वरदान प्राप्त किया कि वह न दिन में, न रात में, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न नर मार सके न नारी, न पानी में डूब कर मरने का वरदान प्राप्त किया था। हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को अपना दुश्मन मानते थे। वह निर्भय थे। हिरण्यकश्यप पुत्र प्रह्लाद को तरह-तरह की यातनाएं देने लगे जबकि भगवान हमेशा प्रह्लाद की रक्षा करते रहे। अततः भगवान विष्णु नरसिंह का रूप धारण किया व अत्याचारी दैत्य हिरण्यकश्यप को गोधूलि बेला में वध किया था। श्रीराम कथा श्रवण मात्र से ही किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। महापुरुषों को उनके आचरण से जाना जाता है।

### आस्था और उत्साह के साथ मनाया भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह

जगदीश मंदिर में जारी सात दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विवाह के बाद पति और पत्नी में विश्वास होना चाहिए। भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह आदर्श विवाह है।

## किसान पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज क्रय करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून के प्रारंभ होते ही किसान भाई खरीफ फसलों की बोनी का कार्य करने के लिए खाद-बीज की व्यवस्था में लग जाते है। किसान भाई निजी विक्रेताओं से बीज क्रय करते समय ध्यान रखे की वे कृषि विभाग द्वारा पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज क्रय करे। साथ ही पक्का बिल भी लेवें, जो विक्रेता पक्का बिल नहीं देते हैं, उनकी शिकायत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या उप संचालक कृषि सीहोर को कर सकते हैं।

कृषि विकास विभाग ने बताया कि सोयाबीन की जिले में प्रचलित प्रजातियां का ही चयन करें। किसानों को उत्तम क्वालिटी का प्रमाणित बीज प्राप्त हो, इसके लिए। बीज के नमूने लेकर प्रयोगशाला को भेजे जा चुके है। जिन किसान भाईयों के पास अपना स्वयं का बीज है उन्हें यह सलाह दी जाती है कि. बोनी के पूर्व बीज की अंकुरण क्षमता का परीक्षण कर लेवें। यदि 100 दानों में 70 दाने का अंकुरण होता है तो वह बीज बोने के लिए उपयुक्त हैं। बोनी के पूर्व बीज उपचार दवा से उपचारित कर ही बोयें।

## मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष के.एल.बैरागी के नेतृत्व में एक ज्ञापन महामहीम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव वित्त विभाग को सम्बोधित ज्ञापन विधायक सुदेश राय को सौंपा। सीहोर जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर द्वारा ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि राज्य पेन्शनर भोगियों की 80 वर्ष की उम्र से ही अर्थात 80 वर्ष की उम्र प्रारम्भ होते ही भुगतान होने का प्रावधान है। मगर बैंक द्वारा ये अतिरिक्त भुगतान देर से किया जा रहा है। जिसके कारण पेन्शनरों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। पेन्शनर्स में किसी ने यह भ्रांति फैला दी है कि सरकार के मौखिक आदेशानुसार बैंक यह भुगतान एक माह बाद दे रहा है। माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण म.प्र. जबलपुर द्वारा केस क्रमांक ओ.ए.200/0097/2021 में दिनांक 04.01.2024 को पारित आदेश में इस पत्र के संदर्भ में क्रं. 2 से 4 तक के उल्लेखित अनुसार भुगतान नहीं होना माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. ग्वालियर एवं जबलपुर द्वारा पारित आदेशों का पालन नहीं होना माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। संघ द्वारा मांग की गई कि म.प्र. शासन वित्त विभाग के संदर्भ क्रमांक एक एवं माननीय उच्च न्यायालयों ग्वालियर तथा जबलपुर द्वारा पारित आदेशों के परिपालन में लघुत्तम समय सीमा में ब्याज सहित भुगतान आदेश प्रसारित करने से न्यायालयों के आदेश की अवमानना से बचा जा सकेगा एवं संस्था को भी न्यायालय की शरण में नहीं जाना पढ़े। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में डॉ.साधुराम शर्मा, पं.राममूर्ति शर्मा, सी.एस.ठाकुर, मुन्ने मियाँ सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य

**सीहोर।** अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन सवारों को हेलमेट लगाना अनिवार्य है। दो पहिया वाहन सवारों को हेलमेंट का उपयोग सुनिश्चित करने के लिये समग्र प्रयास किये जा रहे हैं। हेलमेट के उपयोग के लिये जागरूकता अभियान के साथ वाहन अधिनियम में कार्यवाही भी की जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम और दण्डात्मक कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। बगैर हेलमेट के वाहन सवारों की सड़क दुर्घटना में होने वाली जन-हानि को रोकने के लिये विशेष जागरूकता अभियान पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा मिल कर चलाया जायेगा। इसके लिये आवश्यक निर्देश भी सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिये जारी किये गये हैं।

## रेलवे राजस्व अधिकारी को नहीं करने दिया कार्य, जब तक 4 गुना मुआवजा नहीं मिलता हम नहीं देंगे अपनी भूमि


**भैरूंदा।** रेलवे राजस्व अधिकारी भैरूंदा के ग्राम पांडा गांव में भूमि अधिग्रहण पर कार्य करने आए कर्मचारियों को बैरन कार्य किए ही लौटना पड़ा। सभी किसानों ने मिलकर कर्मचारियों को वापस जाने पर विवश कर दिया।किसानों का कहना है। जब तक 4 गुना मुआवजा नहीं मिलता हम अपनी भूमि अधिग्रहण नहीं होने देंगे किसान नेता सूरत सिह मकवाना के नेतृत्व में सभी किसानों साथ के साथ नंदलाल डूडी, देवेंद्र जाट, जितेंद्र जाट, राधेश्याम देदाड़, रामेश्वर गोलिया, राजेश जाट, राम शंकर जाट, बलराम कतीया, रवि शंकर तंवर, महेश घटियाली, भूपेंद्र गोलियां, राजेश पटेल, नितेश गुगड़वाल मौजूद रहे।



### अब कॉलेज में खुलेगा विद्यार्थी का एबीसी खाता

**सीहोर।** जिस तरह देश के हर नागरिक के लिए आधार कार्ड जरूरी है, उसी तरह अब हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) खाता खुलेगा। इसमें उसकी पढ़ाई का पूरा रिकार्ड रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने सभी विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य किया है। एबीसी एक प्रकार की बैंक है जिसमें हर विद्यार्थी की प्रत्येक परीक्षा का रिकार्ड हमेशा के लिए स्टोर रहेगा। इसी बैंक के आधार पर अब विद्यार्थी को देश-विदेश में कहीं भी आगे पढ़ाई करनी हो या कहीं नौकरी में जाना हो तो उसे मार्कशीट और डॉक्यूमेंट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं रहेगी। विद्यार्थी को एग्जाम फार्म भरने से पहले एबीसी में केवल एक बार ही रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### पूर्व भाजपा विधायक मदनलाल त्यागी के निधन पर जिला भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**सीहोर** । सीहोर जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं सीहोर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय,मिलनसार पूर्व विधायक मदनलाल त्यागी के दुखद निधन पर सीहोर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रवि मालवीय ने जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की । जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बताया की मदनलाल त्यागी जी के निधन की खबर मिलते ही भाजपा में शोक छा गया। श्री त्यागी के निधन पर सीहोर जिले की विधानसभा सीहोर, बुधनी, आष्टा, इछावर के विधायक,देवास, भोपाल, विदिशा के सांसद सर्व शिवराजसिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री, करणसिंह वर्मा राजस्व मंत्री मप्र, आलोक शर्मा सांसद भोपाल, महेंद्रसिंह सोलंकी सांसद देवास, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सहित जिला, मंडलो के सभी पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, अध्यक्षों, ने मदनलाल त्यागी जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सड़कों के दोनों तरफ वाहन खड़े होने से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती है

# पार्किंग जोन की समस्या से जूझ रहा शहर, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की सबसे बड़ी समस्या वाहनों के पार्किंग की है। हालत यह है कि पूरे बाजार की सड़कों के दोनों तरफ दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े होने पर यहां से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती है। इस समस्या से शहर सालों से जूझ रहा है। इसके बाद भी अभी तक नपा इस समस्या का समाधान नहीं कर सकी है। आलम यह है कि सड़कों की साइडों पर वाहन पार्किंग होने से बार-बार जाम की समस्या बनती है।

शहर में ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके अलावा शहर में लगातार जनसंख्या वृद्धि हो रही है। लेकिन नपा ने अभी तक शहर में पार्किंग की समस्या को कोई स्थाई समाधान नहीं खोजा है। शहर के मुख्य बाजार की सड़कों पर हर रोज 10 से 15 हजार वाहन आते हैं। जो सड़कों पर ही खड़े हो रहे हैं। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। यदि इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और बढ़ जाएगी। बीते दशकों में शहर का फैलाव तो हुआ लेकिन वाहन पार्किंग के लिए और स्थाई समाधान नहीं हो हो सका है। लोगों को यह समझ नहीं आता है कि आखिर वे वाहनों को कहां खड़ा करें।



### इन स्थानों पर पार्किंग की समस्या

गांधी रोड गांधी रोड की हालत यह है कि यहां पर सुबह से रात तक भीड़ ही रहती है। यहां पर कपड़े के अलावा चूड़ी और महिला सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों की संख्या अधिक है। इसलिए महिलाओं की भीड़ इस बाजार में देखने को मिलती है। इसके अलावा सराफा बाजार में में सोने और चांदी की दुकानें हैं जिस कारण से यहां पर भी त्योहारी सीजन में काफी भीड़ हुआ करती है। वैसे तो हर रोज ही यहां पर भीड़ रहती है। लेकिन खासकर त्योहारी सीजन में समस्या बढ़ जाती है।

### पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा रानी पर अभद्र टिप्पणी करने पर यदुवंशी समाज ने सौंपा ज्ञापन



**भैरूंदा।** क्षेत्रीय यदुवंश युवा समाज के द्वारा पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा रानी पर अभद्र टिप्पणी करने पर भैरूंदा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा यदुवंश समाज ने इसकी आलोचना करते हुए और पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर थाना प्रभारी घनश्याम दांगी को आवेदन पत्र देकर अभद्र अलोचना पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की क्षेत्रीय यदुवंश युवा समाज द्वारा दिये गये आवेदन को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करे।

**पंडित प्रदीप मिश्रा ने क्या कहा था :** उन्होंने कहा कि राधा का नाम भगवान कृष्ण की रानियों में नहीं है। उनके पति में श्री कृष्ण का नाम नहीं है. राधा के पति का नाम अनय घोष, सास का नाम जटिला और ननद का नाम कुटिला था। उन्होंने दावा किया कि राधा का विवाह छात्रा गांव में हुआ था।